प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 17.07.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण के नौवें संस्करण के लिए आज नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान किए–छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को भी किया पुरस्कृत।

2– विधानसभा में आज डीएपी खाद की कमी का मुद्दा गूंजा–गर्भगृह में नारेबाजी करने वाले विपक्षी सदस्यों के व्यवहार से नाराज विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कांग्रेस विधायकों को आज के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित किया।

3– राज्यपाल ने कहा, विश्वविद्यालय केवल डिग्रियां बांटने का केंद्र न बनें, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों।

4– कल प्रदेश के उत्तरी क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर हो सकती है भारी वर्षा।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**स्वच्छ सर्वेक्षण–01**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वच्छ सर्वेक्षण के नौवें संस्करण के पुरस्कार आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छता, विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के दृष्टिकोण का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

**मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि वर्ष 2026 के लिए आवासन शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण का आयोजन किया गया है। इस सर्वेक्षण में विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों तथा लगभग चौदह करोड़ लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की है। निष्पक्ष सर्वेक्षण द्वारा आंकलन के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी निकायों का पुरस्कारों हेतू चयन किया गया है।**

समारोह में राष्ट्रपति ने स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को भी पुरस्कृत किया। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, संबंधित निकायों के महापौर, अध्यक्षों और अधिकारियों ने ये पुरस्कार ग्रहण किए। बीस हजार से कम आबादी वाले शहरों में बिल्हा नगर पंचायत को देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया।

वहीं, तीन लाख से दस लाख जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम को देश का दूसरा और पच्चीस से पचास हजार की आबादी वाले शहरों में कुम्हारी नगर पालिका को देश का तीसरा सबसे साफ शहर घोषित किया गया है। इसके अलावा 'स्वच्छता सुपर लीग' में अंबिकापुर नगर निगम, पाटन और विश्रामपुर नगर पंचायत ने भी जगह बनाई है। यह सम्मान उन शहरों को दिया गया, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और वर्तमान में शीर्ष बीस शहरों में शामिल हैं। वहीं, रायपुर को छत्तीसगढ़ के 'प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर' का पुरस्कार मिला है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण–02**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विजेता नगरीय निकायों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने इन शहरों में स्वच्छता के प्रति नागरिकों, स्थानीय निकायों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और कहा कि ये पुरस्कार राज्य के अन्य शहरों को भी अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने "स्वच्छता परमो धर्मः" के ध्येय वाक्य को चरितार्थ किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के निकायों को जो सम्मान मिल रहा है, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री के सुशासन, प्रदेशवासियों के सहयोग और अधिकारियों–कर्मचारियों के समर्पण तथा परिश्रम का परिणाम है।

**स्वच्छता सर्वेक्षण–03**

इस बीच, बिल्हा नगर पंचायत के सीएमओ प्रवीण गहलोत ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि बिल्हा के शत–प्रतिशत घरों से कचरा इकट्ठा किया जाता है।

**एआई–प्रशिक्षण**

केन्द्र सरकार दस लाख नागरिकों को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसमें ग्राम स्तर के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल इंडिया के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आयोजित 'जन सेवा केन्द्र दिवस' कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।

**एआई मिशन है अपना बहुत अच्छा। उस एआई मिशन के तहत हम लोगों ने टारगेट लिया है, करीब दस लाख लोगों को एआई स्किल्स में तैयार करेंगे। उसमें साढे पांच लाख नियरलीस अपने हैं, आप सबको सबसे पहले उसमें प्रीफेंस दी जाएगी।**

**मुख्यमंत्री–स्वास्थ्य अमला वाहन**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से स्वास्थ्य अमले के लिए एक सौ इंक्यावन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन वाहनों के माध्यम से बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलों में भी लोगों को समय पर उपचार मिल सकेगा।

श्री साय ने बताया कि पहले चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग के बारह जिलों में ये वाहन भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश में आठ सौ इंक्यावन नये एंबुलेंस वाहन प्रदान किए जाएंगे। इनमें से तीन सौ पचहत्तर एंबुलेंस एक सौ आठ आपातकालीन सेवाओं के लिए, तीस एंबुलेंस ग्रामीण चलित चिकित्सा इकाइयों के लिए और एक सौ तिरसठ 'मुक्तांजली' शव वाहन निःशुल्क सेवा के अंतर्गत दिए जाएंगे।

**राज्यपाल–कुलपति बैठक**

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि विश्वविद्यालय केवल डिग्रियां बांटने का केंद्र न बनें, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों। उन्होंने कहा कि यदि विश्वविद्यालय गुणवत्ता के मापदंडों पर खरे नहीं उतरते, तो उन्हें बंद करने की कार्रवाही की जाएगी। श्री डेका ने आज राजभवन में प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों और नियमों का सख्ती से पालन किया जाए।

## विधानसभा–खाद मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन आज प्रश्नकाल में विपक्षी सदस्यों ने प्रदेश में डीएपी खाद की कमी का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने जानना चाहा कि सोसाइटियों और व्यापारियों को कितना डीएपी खाद उपलब्ध कराया गया है।

जवाब में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि बीस जुलाई तक अट्ठारह हजार आठ सौ पचास मीटरिक टन खाद राज्य को मिलने वाला है, जिसमें एनपीके और डीएपी खाद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी डीएपी खाद की कमी थी, वहां पर वैकल्पिक खाद का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार से लगातार संपर्क में है और प्रदेश में किसी तरह की खाद की कमी न हो, इस पर नजर रखी जा रही है। कृषि मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी दल के सदस्यों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने पहले सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। दोबारा जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्य नारेबाजे करते हुए गर्भगृह में चले गए। विपक्षी सदस्यों के व्यवहार से नाराज विधानसभा अध्यक्ष ने सभी विधायकों को आज की सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल बाधित करना बहुत ही गलत परंपरा है। आज जो कुछ हुआ है, वह वर्षों के इतिहास में कभी नहीं हुआ है।

## विधानसभा–भारतमाला परियोजना

सदन में आज भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों में भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई से कराने की मांग की।

इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वीकार किया कि भारतमाला परियोजना के तहत निजी भूमि अधिग्रहण में अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच पांच संभागीय आयुक्तों की अध्यक्षता वाली समितियों द्वारा की जा रही है। इसके अलावा राज्य आर्थिक अपराध शाखा–ईओडब्ल्यू भी भारतमाला परियोजना के कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है।

## लेफ्टिनेट–मुख्यमंत्री मुलाकात

मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की। इस अवसर पर आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और सैन्यकर्मियों तथा पूर्व सैनिकों के कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने मुख्यमंत्री को नागरिक प्रशासन के साथ सेना द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक के दौरान अग्निवीरों की भर्ती और सेवा के बाद पुनर्वास के लिए राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी चर्चा हुई।

## उत्कृष्टता अलंकरण समारोह

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में 'उत्कृष्टता अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका थे। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की। 'उत्कृष्टता अलंकरण समारोह' में वर्ष दो हजार चौबीस के लिए भावना वोहरा और लखेश्वर बघेल को उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं, उत्कृष्ट संसदीय रिपोर्टिंग के लिए प्रिंट मीडिया के संवाददाता डॉक्टर राकेश कुमार पांडेय, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार योगेश मिश्रा तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कैमरामेन विश्वप्रकाश पुरेना को सम्मानित किया गया।

## एसीबी कार्रवाई

एंटी करप्शन ब्यूरो ने आज कोरबा और जांजगीर–चांपा जिलों में कार्रवाई कर दो लोगों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कोरबा जिले के माध्यमिक शाला बेला में पदस्थ विनोद कुमार शांडे को दो लाख रूपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। इस पर आरोप है कि उसने एक शिक्षक का स्थानांतरण कराने के लिए यह रिश्वत मांगी थी।

वहीं, एसीबी की टीम ने जांजगीर के पुटपुरा में पदस्थ पटवारी बाल मुकुंट राठौड़ को बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

**मुक्केबाजी प्रतियोगिता**

सत्रहवीं सब–जूनियर छत्तीसगढ़ राज्य मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की सब जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्नीस प्वाइंट्स के साथ विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। इस टीम में नौ मुक्केबाजों ने चार स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता बिलासपुर के रेलवे स्टेडियम में एमेच्योर मुक्केबाजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश के तेरह जिलों से एक सौ पंद्रह मुक्केबाजों ने भाग लिया। इस प्रतियोजिता में ग्यारह प्वाइंट्स के साथ रायपुर की टीम उपविजेता रही।

उधर, ताईवान में बारह से पंद्रह जुलाई तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एशियन कैडेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की रंजीता कोरेटी ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने कल प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा मुख्य रूप से उत्तर–पूर्व मध्यप्रदेश से लगे जिलों में संभावित है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>